# बाराबंकी में तीन जगह शुरू हुए बायोमास बैंक

रामनगर के अशोकपुर चाचू सराय मे पराली से बेल बनाए गए।

■ एनबीटी, रामनगर : बायोफ्यूल सर्कल की ओर से जिले के सैदनपुर, अशोकपुर चाचू सराय व हैदरगढ़ में बायोमास बैंक की स्थापना की गई। इन जगहों पर कंपनी की ओर से किसानों के खेतों से पराली को बेल (बंडल) के रूप में इकट्ठा करने का काम शुरू किया गया है।

अशोकपुर चाचयूसराय में मंगलवार को संस्था की ओर से एक सेमिनार आयोजित कर किसानों, ट्रैक्टर चालकों को सीईओ सुहास बक्शी ने बताया कि पराली जलाया जाना खेत और अगली फसल के लिए नुकसानदेय है। पूरे इलाके में छा जाने वाले जहरीली धुंध से कई लोग प्रभावित होते हैं, जबकि पोषक तत्वों से भरपूर मिट्टी के क्षरण के कारण किसानों को भी आर्थिक नुकसान सहना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि यह संस्था किसानों के साथ मिलकर इस समस्या का समाधान करवाएगी। संस्था के लोग खुद अपने वाहनों व तकनीकी दस्ते के साथ खेतों पर जाएंगे और खेत में मौजूद फसल के अवशेष को काटने से लेकर उसे सुखाने और फिर बंडल बनाने की चार दिनों की प्रक्रिया को पूरा करेंगे। इसके बाद उसे अपने बैंक पर ले जाएंगे। इसके बदले किसानों को 30 रुपये कुंतल का भुगतान भी किया जाएगा।